# इण्टरमीडिएट परीक्षा : 2025–26
## प्रतिदर्श प्रश्नपत्र
## कक्षा–12
## विषय–नागरिक शास्त्र

विषय कोड–130 संकेताक–323

समय : 3 घण्टे 15 मिनट पूर्णांक : 100

नोट : प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित है।

निर्देश :

1– सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2– प्रश्न संख्या 1 से 10 तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।
3– प्रश्न संख्या 11 से 20 तक अति लघु–उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका उत्तर प्रत्येक लगभग 10–20 शब्दों में देना है।
4– प्रश्न संख्या 21 से 26 तक लघु–उत्तरीय प्रश्न–1 हैं, जिनका उत्तर प्रत्येक लगभग 50–60 शब्दों में देना है।
5– प्रश्न संख्या 27 से 30 तक लघु–उत्तरीय प्रश्न–2 हैं, जिनका उत्तर प्रत्येक लगभग 100–125 शब्दों में देना है।
6– प्रश्न संख्या 31 एवं 32 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका उत्तर प्रत्येक लगभग 200–250 शब्दों में देना है।
7– सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने दिए गए हैं।

### (बहुविकल्पीय प्रश्न)

निर्देश: निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न के लिये दिये गये चार विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर अपनी उत्तर–पुस्तिका में लिखिए।

1. एशिया की सामूहिक सुरक्षा व्यवस्था का सुझाव किसने दिया? 1

(A) ब्रेझनेव (B) खुश्चेव

(C) स्टालिन (D) लेनिन

Visit CollegeDekho

2. विश्व व्यापार संगठन निम्नलिखित में से किस संगठन का उत्तराधिकारी है? 1

(A)संयुक्त राष्ट्र संघ विकास कार्यक्रम

(B)जनरल एग्रीमेंट ऑन ट्रेड एण्ड टैरिफ

(C)विश्व स्वास्थ्य संगठन

(D)जनरल अरेंजमेंट ऑन ट्रेड एण्ड टैरिफ

3.भारत में 'मूलवासी' के लिए किस शब्द का प्रयोग किया जाता है? 1

(A) अनुसूचित जनजाति (B) चरवाहे

(C) अनुसूचित जाति (D) घुमन्तू

4.सीमान्त गांधी के रूप में प्रसिद्व हैं– 1

(A) सी. राजगोपालाचारी

(B) खान अब्दुल गफ्फार खान

(C) मौलाना अबुल कलाम आजाद

(D) पट्टाभि सीतारमैय्या

5. वैश्वीकरण के विषय में सही है– 1

(A) वैश्वीकरण सिर्फ आर्थिक परिघटना है।

(B) वैश्वीकरण की शुरूआत वर्ष 1991 में हुई।

(C) वैश्वीकरण एक बहुआयामी परिघटना है।

(D) वैश्वीकरण और पश्चिमीकरण समान हैं।

6.समग्र मानवतावाद सिद्धांत के प्रणेता हैं– 1

(A) श्यामा प्रसाद मुखर्जी

(B) अटल बिहारी वाजपेयी

Visit CollegeDekho

(C) दीन दयाल उपाध्याय

(D) मोरारजी देसाई

7.आपातकाल की घोषणा कब की गई? 1

(A) 12 जून 1975 ( B ) 13 जून 1975

(C) 16 जून 1975 (D) 25 जून 1975

8. दूसरे देश के उत्पादकों को निर्यात की अनुमति न होना है– 1

(A) मुक्त व्यापार (B) संरक्षणवाद

(C) आर्थिक वैश्वीकरण (D) राजनैतिक वैश्वीकरण

9.'द्विराष्ट्र सिद्धान्त' की बात जिस राजनीतिक दल ने की थी, वह था– 1

(A)कांग्रेस (B) भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी

(C)मुस्लिम लीग (D) हिन्दू महासभा

10.'इकोनॉमी आफ परमानेंस' के लेखक हैं– 1

(A) पी0 सी0 महालनोबिस

(B) वर्गीज कुरियन

(C) चरण सिंह

(D) जे0 सी0 कुमारप्पा

<u>अतिलघु उत्तरीय प्रश्न (शब्द सीमा–लगभग 10–20 शब्द)</u>

11. 'ग्लोबल वार्मिंग' से क्या आशय है? 2
12. 'बर्टलैण्ड रिपोर्ट' से क्या तात्पर्य है? 2
13. 'रजाकार' कौन थे? 2
14. भारत की विदेश नीति के किन्ही दो उद्देश्यों का उल्लेख कीजिए। 1+1

15. सुरक्षा की पारंपरिक अवधारणा से क्या तात्पर्य है? 2
16. 'सिंडिकेट' से क्या आशय है? 2
17. एमनेस्टी इण्टरनेशनल क्या है? 2

Visit CollegeDekho

18. टिकाऊ विकास (Sustainable Development) की अवधारणा से क्या तात्पर्य है? 2

19. क्षेत्रीयतावाद से क्या तात्पर्य है? 2

20. मंडल आयोग कब एवं किसकी अध्यक्षता में गठित किया गया? 1+1

## लघु उत्तरीय प्रश्न –1 (शब्द सीमा–लगभग 50–60 शब्द)

21. अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के किन्हीं दो कार्यों का उल्लेख कीजिए? 2½+2½

22. वैश्विक पटल पर आतंकवाद एक गंभीर समस्या बन चुका है? तर्क सहित अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए। 5

23. 1967 के आम चुनावों को राजनीतिक भूकंप की संज्ञा क्यों दी गई? स्पष्ट कीजिए 5

24. आनंदपुर साहिब प्रस्ताव क्या है? इसकी किन्हीं दो मांगों का उल्लेख कीजिए। 1+2+2

25. विजन–2020 क्या है? आपके मत में आसियान की सफलता के दो प्रमुख कारण कौन से हैं? स्पष्ट कीजिए। 2+3

26. स्वतंत्रता के पश्चात् देसी–रियासतों के विलय से सम्बन्धित समस्या पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। 5

## लघु उत्तरीय प्रश्न –2 (शब्द सीमा–लगभग 100–125 शब्द)

27. एक सामाजिक और विचारधारात्मक गठबंधन के रूप में कांग्रेस की भूमिका का उल्लेख कीजिए? 6

28. क्षेत्रीय संगठन के क्या उद्देश्य होतें हैं? यूरोपीय संघ को प्रभावशाली क्षेत्रीय संगठन बनाने वाले प्रमुख कारक कौन–से हैं? 3+3

29. विश्व की साझी संपदा से क्या अभिप्राय है? इसके दोहन और प्रदूषण किस प्रकार कम किया जा सकता है? इस सम्बन्ध में अपने सुझाव दीजिए। 2+4

30. राजनीतिक दलों के मध्य बढ़ती सहमति के तीन प्रमुख मुद्दों का उल्लेख कीजिए। यह बढ़ती सहमति क्यों आवश्यक है? स्पष्ट कीजिए। 3+3

Visit CollegeDekho

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (शब्द सीमा–लगभग 200–250 शब्द)

31. भारत ने परमाणु अप्रसार संधि (NPT) पर हस्ताक्षर क्यों नहीं किये? भारत की परमाणु नीति वैश्विक स्तर पर भेदभाव रहित परमाणु निःशस्त्रीकरण के प्रति वचनबद्धता की है। उदाहरण सहित उत्तर दीजिए। 2+6

अथवा

प्रथम पंचवर्षीय योजना में किस बात पर सर्वाधिक बल दिया गया? यह किस प्रकार द्वितीय पंचवर्षीय योजना से भिन्न थी? स्पष्ट कीजिए। 2+6

32. सोवियत संघ का विघटन कब हुआ? इसके विघटन के क्या कारण थे? सोवियत संघ के विघटन में गोर्बाचेव की भूमिका की विवेचना कीजिए। 1+3+4

अथवा

दक्षेस की स्थापना कब एवं कहाँ की गई? एक क्षेत्रीय संगठन के रूप में दक्षेस की भूमिका का मूल्यांकन कीजिए। 1+1+6

Visit CollegeDekho